## मीडिया को रोका गया, कलेक्टर के निर्देश पर पहुंचे तहसीलदार-टीआई

# एकलव्य विद्यालय बिजोरी में छात्रों का बवालः खराब भोजन पर फूटा गुस्सा, बारिश में धरना, हाईवे की ओर बढ़े विद्यार्थी

### छात्रों ने प्राचार्य पर मनमानी और लापरवाही के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बिजोरी एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया। सोमवार सुबह छात्र-छात्राओं ने खराब गुणवत्ता का भोजन मिलने का आरोप लगाते हुए स्कूल परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित विद्यार्थी बरसते बारिश में स्कूल परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए और बाद में अपनी बात जिला प्रशासन तक पहुंचाने के लिए हाईवे की ओर बढ़ने लगे। प्रशासन की तत्परता से स्थिति को संभाला गया और बड़ा विवाद टल गया।

जानकारी के अनुसार, प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि उन्हें लगातार गुणवत्ताहीन भोजन दिया जा रहा है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने मामले को दबाने की कोशिश की, जबकि मीडिया को भी





विद्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया। बाद में अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मीडिया को अंदर जाने की अनुमति मिली, जहां लाइब्रेरियन और मीडिया कर्मियों के बीच कहासुनी भी हुई।

मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से कलेक्टर हरेंद्र नारायण तक पहुंची। कलेक्टर के निर्देश पर तामिया तहसीलदार और थाना प्रभारी तत्काल विद्यालय पहुंचे। उस समय तक कुछ छात्र हाईवे की ओर बढ़ रहे थे। अधिकारियों ने रास्ते में ही उन्हें रोककर जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। हालांकि छात्र अपनी बात सीधे कलेक्टर के सामने रखने की मांग पर अड़े रहे।

घटनाक्रम के दौरान सबसे अधिक चर्चा विद्यालय के प्राचार्य की भूमिका को लेकर रही। आरोप है कि पूरे घटनाक्रम के दौरान प्राचार्य अपने कार्यालय में ही बैठे रहे और अधिकारियों के फोन तक नहीं उठाए। बाद में तहसीलदार द्वारा शिक्षकों से बुलाने के बाद ही वे अधिकारियों के सामने पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने इसे गंभीर मामले के प्रति लापरवाही और संवेदनहीनता बताया।

हंगामे की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष सुधीर अहके सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी विद्यालय पहुंचे और छात्रों को शांत कराने का प्रयास किया। इसके बाद ऑडिटोरियम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्रों और शिक्षकों के बीच संवाद हुआ, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

गौरतलब है कि यह विद्यालय पहले भी कई विवादों में घिर चुका है। कुछ महीने पहले भोजन और प्रबंधन की कथित लापरवाही से नाराज तीन छात्र विद्यालय से फरार हो गए थे।

### विद्यालय प्रबंधन की जवाबदेही पर उठे सवाल

वहीं सांसद कप खेल प्रतियोगिता के दौरान भी विद्यालय प्रबंधन का स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विवाद हुआ था। इसके अलावा खरीदी और रखरखाव में कथित वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। ताजा घटनाक्रम ने विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### योग वेदांत सेवा समिति ने शुरू किया पौधारोपण अभियान



**छिंदवाड़ा।** श्री योग वेदांत सेवा समिति ने पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। म.प्र. सरकार के जनप्रतिनिधियों ने लिंगा आश्रम के आसपास फलदार ,औषधीय गुणों ये युक्त एवं धार्मिक आस्था से जुड़े पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि पूज्य बापूजी की प्रेरणा से हम लोग वर्ष भर जनहितैषी सेवा कार्य करते हैं। अब वर्षाऋतु का आगमन हो चुका है। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण बहुत जरुरी सेवा है। प्रत्येक मनुष्य को पूरे जीवन में दो पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। इस अभियान की शुरुआत में मुख्य अतिथि के रूप पांढुर्ना जिला के जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप माहोड़ ,जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोंगे ,जिला अन्तोदय समिति के पूर्व अध्यक्ष विलास घोंगे ,बिसापुर ग्राम के सरपंच वेद सिसोदिया , ,भाजपा नेता प्रदीप डांगे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दमुआ से खंडवा तक 10 दिवसीय निशान पदयात्रा संपन्न



**दमुआ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दमुआ से श्री दादाजी धूनीवाले खंडवा धाम के लिए निकली 10 दिवसीय निशान पदयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। 5 से 16 जुलाई तक चली इस यात्रा में करीब 15 श्रद्धालुओं का जत्था दमुआ, आमला, बैतूल, चिचोली, नंदा और आशापुर मार्ग से होते हुए खंडवा पहुंचा। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में दादाजी का भजन-कीर्तन करते हुए पदयात्रा पूरी की। धाम पहुंचकर पूजन-अर्चन, प्रसादी वितरण एवं निशान समर्पित किया। यात्रा में अजय पांडे, राहुल पाटणकर सहित अनेक भक्त एवं बाल सेवक शामिल रहे। यह भक्तों की लगातार सातवीं वार्षिक पदयात्रा रही।

### भाजपा नेताओं ने तहसीलदार द्वारा कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**तामिया।** तामिया के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि एकलव्य विद्यालय तामिया के छात्र, छात्राओं के द्वारा प्राचार्य के खिलाफ शिकायत की गई है! कि प्राचार्य द्वारा हम सभी बालक बालिकाओं के साथ अभद्र भाषा में बात की जाती है एवं हम सभी आदिवासी छात्र/छात्रोंओ को भोजन भी अच्छा नही दिया जाता है! एवं खाने में इलल्यिा भीं पाई गई जिससे कि सभी आदिवासी छात्र/छात्राओं मै भारी आकोश है। एवं प्राचार्य का व्यवहार अच्छा नहीं और वह उल्टी सीधी बात करते हैं! स्कूल में भारी अनियमितता वरतु जा रही है! जिससे कि एकलव्य आवासीय विद्यालय तामिया के प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए। जिस हेतु आज दिनांक को छात्र/छात्राओं द्वारा भारी विरोध करते हुये विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मांग कि है! प्राचार्य एकलव्य स्कूल तामिया को उक्त शिकायत के आधार पर तत्काल प्रभाव से हटाये जाने के आदेश न्यायहित में पारित कराने का कष्ट करें।

### ब्लॉक स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**परासिया** :- एकेडमी में ब्लॉक स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी खेल क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खेल भावना को बढ़ावा देना और उनकी प्रतिभा को निखारना था। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए विद्यार्थी अब जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और वहां अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।कार्यक्रम के दौरान संत चावरा नेशनल एकेडमी के प्राचार्य फादर जैसन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल जीत या हार के लिए नहीं, बल्कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेले जाते हैं। उन्होंने जिला स्तर पर चयनित हुए सभी विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।इस पूरे आयोजन को सुचारू और सफल बनाने में खेल प्रशिक्षक अंकित सोलंकी का विशेष योगदान एवं सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी स्कूलों, शारीरिक शिक्षकों और सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

### नीट परीक्षा में हर्षिता साहू की सफलता, आदिवासी क्षेत्र जुन्नारदेव को किया गौरवान्वित

**जुन्नारदेव।** यदि आपके भीतर मेहनत, अनुशासन और लगनशीलता विद्यमान हो तो फिर हौसलों के पंख को भी एक नई उड़ान मिल जाती है। अपने अंचल और सूबे में स्वास्थ्य क्षेत्र की बदतर हालत की चिंता से वाकिफ आज के युवा कुशल डॉक्टर बनकर सेवा का एक नया उदाहरण प्रस्तुत करना चाह रहे हैं। यह युवा अपने सपनों को हकीकत में बदल दिए जाने के लिए चैन से कभी नहीं सो रहे हैं। इसका एक ऐसा ही उदाहरण कुमारी हर्षिता कपिल साहू ने प्रस्तुत किया है।केंद्रीय विद्यालय बड़कुही में पदस्थ कपिल साहू एवं माता श्रीमती मनीषा साहू की पुत्री कुमारी हर्षिता साहू ने गत दिनों आयोजित नीट 2026 के घोषित परिणाम में सफलता प्राप्त की है। नीट के घोषित परिणामों के अनुसार उन्होंने 720 अंकों में से 611 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 7030 प्राप्त कर संपूर्ण परिवार एवं इस आदिवासी अंचल का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व हर्षिता साहू के भाई हर्षवर्धन साहू ने भी देश की प्रतिष्ठित परीक्षा आईआईटी-जीईई में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र को एक नया मुकाम दिलाया था। कुमारी हर्षिता साहू की पृष्ठभूमि भी एक सफल अकादमिक परिवार की रही है।



### गौशाला में अच्छी अव्यवस्था बनाने के लिए शिवलिंग निर्माण का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** पाठाढाना स्थित गौशाला में सभी प्रकार के संसाधन होने के बावजूद भी निरंतर गौवंश की मौत हो रही है। सभी लोगों के प्रयास एवं सहयोग से भी मौत का सिलसिला रूक नहीं पा रहा है। इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए शिवसेना द्वारा शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम स्कूल एवं कॉलेजों में करने का निर्णय लिया गया है। जिसे आने वाले गुरूवार के दिन 23 जुलाई से 28 जुलाई तक लाखों की संख्या में आम जनता एवं विद्यार्थियों द्वारा शिवलिंग निर्माण होगा, यह शिवलिंग निर्माण पेपर में स्केच पेन के द्वारा बनाया जाएगा। उक्त जानकारी शिवसेना प्रमुख नितिन राय ने दी है।

# शासकीय स्कूलों के 41 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा में लहराया परचम, संख्या और बढ़ने का अनुमान

### कलेक्टर ने दी बधाई, विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की पहल और प्रयासों से जिले के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा में परचम लहराकर सफलता की एक नई इबारत लिख दी है। अभी तक प्राप्त परीक्षा परिणाम के अनुसार शासकीय विद्यालयों के 41 विद्यार्थियों ने नीट 2026 की परीक्षा में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि मजबूत संकल्प, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परिणामों में अब तक प्राप्त 110 रिजल्ट में 41 विद्यार्थी सफल हुए हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि अंतिम आंकड़ा आने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।



### जिला प्रशासन की पहल बनी सफलता की नींव

पिछले दो वर्षों से जिला प्रशासन ने सरकारी विद्यालयों में जेईई एवं नीट की विशेष तैयारी का अभिनव मॉडल शुरू किया। नियमित पढ़ाई के साथ अंतिम दो पीरियड प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निर्धारित किए गए, जहां विषय विशेषज्ञ शासकीय शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं।

इसके साथ ही प्रतिमाह ऑनलाइन टेस्ट, प्रतिदिन अभ्यास परीक्षा, परिणामों का विश्लेषण, व्हाट्सएप के माध्यम से अध्ययन सामग्री तथा एलेन इंदौर के निःशुल्क स्टडी मटेरियल ने विद्यार्थियों की तैयारी को नई दिशा दी।

# पटवारियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**परासिया :** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर पटवारी संघ परासिया ने अपनी लंबित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांगों को पूरा करने की मांग रखी है। जिनके पूरा नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू और तहसील अध्यक्ष रविंद्र भलावी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है , कि संगठन के पधादिकारियों के द्वारा अक्टूबर 2025 में मुख्य मंत्री आवास में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पटवारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए पटवारी महा अधिवेशन का आमंत्रण दिया गया था , जिसे स्वीकार तो कर लिया गया , लेकिन सी एम् कार्यालय से आज दिनांक तक कोई पहल नहीं की गई , जबकि यह अधिवेशन नवंबर 2025 में ही हो जाना था। जिस से पटवारी संवर्ग खुद को शोषित और उपेक्षित महसूस कर रहा है। केडर रिव्यु लागू हो और पदोन्नति , वेतनमान मिले , नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा जो 2018 के बाद नहीं हुई है , वह कराई जाए।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर दिया जागरूकता का संदेश

**सिंगोड़ी :** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत सिंगोड़ी पुलिस चौकी ने सोमवार को सिंगोड़ी बस स्टैंड पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक ने लोगों का ध्यान खींचा।सिंगोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी पंकज राय के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में आज बस स्टैंड पर एकत्रित स्कूली बच्चों ने नाटक के माध्यम से बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि पूरे परिवार, समाज और युवा पीढ़ी के भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है।बच्चों ने दिया समाज को संदेश नुक्कड़ नाटक में बच्चों ने नशे की लत से टूटते परिवार, बर्बाद होते करियर और बिगड़ते सामाजिक ताने-बाने को जीवंत रूप से दिखाया। नाटक के अंत में विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारा लगाया - नशे को ना कहो, जीवन को हां कहो उपस्थित लोगों ने बच्चों के इस प्रयास की जमकर सराहना की।स्कूल-कॉलेजों में भी होगा अभियान सिंगोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि यह अभियान केवल आज तक सीमित नहीं है। आने वाले दिनों में टीम स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में जाकर युवाओं से सीधा संवाद करेगी। उन्हें नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा, युवा ही देश का भविष्य हैं। अगर हम उन्हें सही दिशा देंगे तो समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है।पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे नशे के कारोबार और सेवन की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके।



## जंगली सुअर के शिकार मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल



**चौरई।** वन परिक्षेत्र चौरई के सांख सर्किल अंतर्गत ग्राम ग्रेठिया से खैरांजी मार्ग पर वन विभाग ने वन्यजीव शिकार के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन अमले ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी जंगली सुअर का मांस खा रहे थे। वन विभाग ने मौके से शंकर पिता मंतुलाल सरेयाम, शिवप्रसाद पिता मंतुलाल सरेयाम, फूलभानशा पिता किशनू सल्लाम तथा निरपत पिता संतुलाल सरेयाम, सभी निवासी खैरांजी, को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

वन विभाग ने बताया कि वन्यजीवों के अवैध शिकार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में रेंजर सुश्री वंदना पाल, डिप्टी रेंजर रवि सिंह वर्मा एवं अरुण कुमार सेंगर, वनरक्षक हरनारायण शर्मा, राजाबाबू रघुवंशी, महेश सनोडिया, आशुतोष शर्मा, आशीष शुक्ला, संजय यादव, सुरेंद्र गुर्जर, जितेंद्र राजपूत सहित सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 1.01 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

### कपुर्दा पुलिस का बड़ा एक्शनः 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान 2.0 के तहत चौरई पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। कपूरदा पुलिस चौकी ने बिक्री से पहले गांजे की खेप जब्त करते हुए एक आदतन तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध गांजा कारोबारियों और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देश तथा एसडीओपी भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पारसनाथ आर्मो की टीम को सूचना मिली थी कि कुंडा निवासी कमलेश उर्फ पप्पू दुबे (38) कपूरदा नहर के पास बने टीन शेड में अवैध गांजा बेचने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश दी, जहां आरोपी मौके पर गांजे के साथ पकड़ा गया।



तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 1.01 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये बताई गई है, तथा एक सी-डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। उससे पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक पारसनाथ आर्मो, सचिन श्रीवास्तव, जितेंद्र बघेल, रविशंकर बघेल, विकास बघेल एवं जितेंद्र रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# निगम में पदोन्नत हुए दर्जनों कर्मचारी, बरसों का इंतजार खत्म

### कर्मचारियों में हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, एमआईसी (MIC) के प्रस्ताव एवं संकल्प क्रमांक-02 के निर्णय तथा मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के अनुक्रम में गठित छानबीन समिति की अनुशंसा पर नगर निगम छिंदवाड़ा के विभिन्न संवर्गों के अधिकारी-कर्मचारियों के बहुप्रतीक्षित पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं।

नगर निगम में आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम के दौरान इन सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति के आधिकारिक आदेश पत्र स्वयं यशस्वी महापौर विक्रम अहके द्वारा ससम्मान वितरित किए गए। इस अवसर पर महापौर ने सभी को बधाई देते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण और नई ऊर्जा के साथ जनसेवा व शहर विकास के कार्यों में जुटने का आह्वान किया।

नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा जारी किए गए विस्तृत आधिकारिक आदेशों के अनुसार, विभिन्न विभागों के अंतर्गत आने वाले तकनीकी, राजस्व, स्वच्छता, उद्यान और प्रशासनिक संवर्ग के योग्य कर्मचारियों को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से स्थानापन्न रूप से उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है।

राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबे समय से कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षकों को 'उप राजस्व निरीक्षक' के पद पर पदोन्नत किया गया है, जिनमें मनोज गढ़ेवाल, अमित सारवान, शेखर पटेल, दिलीप सूर्यवंशी, मोतीराम मोहतुरे, ऋषभ स्थापक और पवन सोनी शामिल हैं।

इसके साथ ही प्रशासनिक व अन्य तकनीकी संवर्गों की सूची के अनुसार प्रणय कुमार इंगले को समयपाल से 'उपयंत्री', प्रीतम चौरिया एवं आशीष काले को कैशियर/सहायक लेखापाल से 'लेखापाल', आशीष गोदरे को उप-स्वच्छता पर्यवेक्षक से 'स्वच्छता पर्यवेक्षक' तथा दिमागचंद डेहरिया को उद्यान पर्यवेक्षक से 'उद्यान निरीक्षक' के महत्वपूर्ण पद पर पदोंतति दी गई है। इसके अतिरिक्त लिपिकीय वर्ग में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारियों को पदोन्नत कर सहायक ग्रेड-2 बनाया गया है, जिनमें संतोष सोलंकी, राजेश सोनी, राजेन्द्र सोनी, राजेश यादव, महावीर पटेल और रवि डोले के नाम शामिल हैं। सूची में शामिल अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में राजकुमार पवार, सुश्री सुषमा माथुर, मोहन नागदेव एवं सुश्री कृष्णा अहरवार को भी उनके संवर्ग के अनुसार सहायक ग्रेड 1 के पद पर पदोन्नति आदेश सौंपे गए हैं। इसके साथ ही साजिद खान को राजस्व उपनिरीक्षक से राजस्व निरीक्षक पद पर एवं प्रणय इंगले को समयपाल से उपयंत्री के पद पर पदोन्नति दी गई। इस प्रकार कुल 24 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश जारी किये गये।

सभी पदोन्नत शासकीय सेवकों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पद का कार्यभार ग्रहण कर पालन प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि निगम की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

### हर्रई इलाज के दौरान महिला की मौत का मामला, परिजनों ने लगाए गंभीर लापरवाही के आरोप

# झोलाछाप डॉक्टर पर बीएमओ का शिकंजा, तीन क्लीनिक किए सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई

झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू की गई।आरती साहू पति रामबागश साहू निवासी बम्होरी को हल्का बुखार होने पर हर्रई के महाराजा मार्केट स्थित राजेश कुमार सिंहा के क्लीनिक ले जाया गया थामहिला की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए संबंधित कथित झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि महिला का इलाज ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था, जिसकी चिकित्सकीय योग्यता और क्लिनिक संचालन को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बीएमओ ने लिया संज्ञान, जल्द होगी कार्रवाई

मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएमओ द्वारा जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग अब यह जांच कर रहा है कि संबंधित व्यक्ति के पास मरीजों का इलाज करने की वैध योग्यता और अनुमति थी या नहीं। इसके अलावा क्लिनिक के पंजीयन, संचालन की अनुमति, दवाइयों के उपयोग और उपचार से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जांच में यदि संबंधित व्यक्ति बिना आवश्यक अनुमति या वैध योग्यता के मरीजों का इलाज करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीएमओ की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर भी स्वास्थ्य विभाग की नजरें टेढ़ी होने की संभावना है।




### झोलाछाप डॉक्टरों पर अब कसेगा शिकंजा?

हर्रई क्षेत्र में लंबे समय से कथित रूप से बिना पर्याप्त चिकित्सकीय योग्यता के मरीजों का इलाज करने वाले लोगों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीण और गरीब मरीज अक्सर कम खर्च में इलाज की उम्मीद में ऐसे लोगों के पास पहुंच जाते हैं। लेकिन कई बार गलत उपचार और बिना चिकित्सकीय जांच के दवाइयां देने से मरीजों की जान तक खतरे में पड़ जाती है।महिला की मौत के मामले ने एक बार फिर क्षेत्र में संचालित ऐसे कथित क्लीनिकों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद संबंधित व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

### पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच जारी

मामले में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों स्तर पर जांच जारी है। महिला की मौत के वास्तविक कारणों और इलाज के दौरान हुई किसी भी संभावित लापरवाही को जांच के बाद ही स्पष्ट किया जा सकेगा। अधिकारियों द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों, उपचार से संबंधित जानकारी और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।फिलहाल पूरे मामले में बीएमओ के एक्शन पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यदि जांच में लापरवाही या नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित कथित झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में सड़कों पर उतरे सामाजिक संगठन

## मृतक छात्र-छात्राओं को दी सौंसर में श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं और पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में जारी आक्रोश की गूंज सौसर में भी सुनाई दी। सोमवार को नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर नीट अभ्यर्थियों के समर्थन में मोर्चा खोला। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने आए लोगो ने बताया की दिल्ली में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे नीट छात्रों पर हुई पुलिस की लाठीचार्ज की हम कड़ी निंदा करते है। कार्यकर्ताओं ने



इसे छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया और कहा कि सरकार अपनी नाकामियां छिपाने के लिए भविष्य के कर्णधारों पर बल प्रयोग कर रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा लीक के सदमे में जान गंवाने वाले 22 विद्यार्थियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान कार्यवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञापन में नीट घोटाले पर चुप्पी साधने के आरोप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। जान गंवाने वाले 22 विद्यार्थियों के शोक संतप्त परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि दी जाए,नीट परीक्षा लीक की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए और दोषी पाए जाने वाले हर व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

इस दौरान में चंद्रभान बागडे,डॉ. अशोक भगत, मुरलीधर कांबले, नीलिमा नरेंद्र पाटिल, एड. अमोल रंगारे, मुकेश बागड़े, विलास बुले, सिद्धार्थ सोमकुंवर,अरुण गजभिये, लीलाधर सोमकुवर, प्रवीण बागड़े, अलकेश बागड़े, हर्षल पिंगले, जुबेर अली, प्रतीक गजभिए, अमित बसोड़, मोरेश्वर रंगारे, मंजूषा बागड़े,सविता दुफारे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एथेनॉल कंपनी के प्रदूषित पानी से फैल रही बीमारियां, बसपा नेताओ ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15, संजय नगर में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी नेताओं ने औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले जहरीले पानी को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की और प्रशासन को सख्त चेतावनी दी। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा नेता ज्ञानेश्वर गजभिये ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ-साथ रामपेठ क्षेत्र में संचालित एथेनॉल कंपनी से निकलने वाला जहरीला केमिकल युक्त पानी नदी-नालों के माध्यम से लोगों के घरों और खेतों तक पहुँच रहा है। इसके कारण स्थानीय निवासियों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में गंभीर बीमारियां पनप रही हैं।नेताओं ने आरोप लगाया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, बावजूद इसके प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बसपा नेताओं ने कहा कि कंपनी का यह रवैया और प्रशासन की निष्क्रियता आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और जहरीले पानी के निस्तारण की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो बहुजन समाज पार्टी जल्द ही एक बड़ा जन-आंदोलन शुरू करेगी।बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार वानखेडे, अशोक गजभिये, प्रवीण पाटिल, संजय ढोके, कैलाश बनसोड, अनिल नागदावने, अशोक सोमकुवर, चेतन सोमकुमार, शंकर बागडे और राजू काले आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मोहोड ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सत्कार

**सौसर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला पांढुर्णा की नवगठित जिला कार्यकारिणी के गठन के उपरांत, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने सौंसर कार्यालय में मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर खोडे सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और कार्यकर्ता-आधारित संगठन है। उन्होंने कहा, ₹संगठन द्वारा दिया गया प्रत्येक दायित्व केवल एक पद नहीं है, बल्कि यह समाज, राष्ट्र और संगठन के प्रति सेवा एवं समर्पण का संकल्प है।₹ उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा को भाजपा का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मोर्चा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोआरी कोयला खदान में श्रमिकों को मादक पदार्थ ड्रग्स, गाँजा आदि से दूर रहने दिलाई शपथ



**जुन्नारदेव।** थाना जुन्नारदेव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मोआरी कोयला खदान (शारदा भूमिगत परियोजना) में श्रमिकों और स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को जीवन में कभी भी नशा न करने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई।"सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किया सजग"कार्यक्रम के दौरान जुन्नारदेव पुलिस के द्वारा खदान प्रबंधन एवम श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि यह हंसते-खेलते परिवारों को भी नष्ट कर देता है। विशेषकर कोयला खदान जैसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण कार्यस्थलों पर नशे की हालत में काम करना बेहद खतरनाक हो सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसलिए खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए नशे से दूर रहना बेहद जरूरी है।"सामूहिक रूप से ली गई शपथ"जागरूकता सत्र के बाद 'खान प्रबंधक कार्यालय, शारदा भूमिगत परियोजना' परिसर में एक सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें जुन्नारदेव पुलिस बल, खदान प्रबंधन के अधिकारियों, स्टाफ और बड़ी संख्या में उपस्थित खदान श्रमिकों ने पूरी निष्ठा के साथ अपना हाथ आगे बढ़ाकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया।खदान श्रमिकों और स्थानीय नागरिकों ने जुन्नारदेव पुलिस और खदान प्रबंधन द्वारा उठाए गए इस कल्याणकारी कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। इस दौरान थाना प्रभारी जुन्नारदेव निरीक्षक जे. मसराम, आरक्षक नीलेश पाल. आरक्षक राम अवतार तिवारी, आरक्षक संतोष धुर्वे उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, 1500 किलो महुआ लाहन नष्ट, तीन प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम जूनाढाना में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने 30 हाथ भट्ठियों से तैयार किए जा रहे करीब 1500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया, जिसे मौके पर ही नियमानुसार नष्ट कर दिया गया।आबकारी विभाग ने इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के तहत तीन प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिलेभर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी उप निरीक्षक एवं वृत्त प्रभारी नरेंद्र नागेश ने किया। उनके साथ आबकारी आरक्षक सचिन श्रीवास्तव एवं अमृता साहू भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## सोनम वांगचुक के समर्थन में निकली रैली

परासिया :- जंतर मंतर में चल रहे प्रोटेस्ट को एक और जहां देश भर में समर्थन मिल रहा है वही कोयलांचल के बड़कुही के छात्रों ने भी इस प्रोटेस्ट को अपना समर्थन दिया है। आक्रोशित छात्रों ने साइंटिस्ट सोनम वांगचुक समर्थन में



बड़कुही के नेहरू स्टेडियम से आक्रोश रैली निकली और खीरसडोह एस डी एम कार्यालय तक पैदल पहुंचे। इस दौरान छात्रों ने शिक्षा पर वार नहीं सहेंगे , अन्याय के खिलाफ अब चुप नहीं रहेंगे जैसे नारे भी लगाए। इसके अलावा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी रखी।

## कॉलेज में 'नशा मुक्ति कार्यक्रम 2.0' का आयोजन

**सौसर।** शासकीय महाविद्यालय सौसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'नशा मुक्ति कार्यक्रम 2.0' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य इंद्रपाल राऊत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी विजय मंडराह ने विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न प्रकारों और उनसे होने वाले गंभीर शारीरिक व मानसिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# कवि सम्मेलन एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह में शिरक़त करेंगी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्राप्त शायरा शबीना अदीब साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश द्वारा आगामी 26 जुलाई 2026 रविवार की शाम 7:00 बजे खजरी रोड स्थित होटल के सभागार में कारगिल विजय दिवस एवं संस्था की आठवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने जा रहे विजगान कविसम्मेलन एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायरा शबीना अदीब अपनी रचनाओं के साथ उपस्थित होंगी।



अधिक जानकारी देते हुए संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि यह संस्था की वर्षगांठ का आठवां वर्ष है संस्था की स्थापना 26 जुलाई 2018 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर की गई थी, जिसका उद्देश्य कला की विभिन्न विधाओं से जुड़ी नई प्रतिभाओं का प्रोत्साहन करना है।

इसी क्रम में आगामी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन संस्था द्वारा किया जा रहा है जिसमें ज़लि के अमर शहीदों के परिवारों का सम्मान समारोह एवं कविसम्मेलन का आयोजन किया गया है आयोजित कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवि श्री पंकज पंडित, ललितपुर, उत्तरप्रदेश प्रतीक चौहान, भिंड मध्यप्रदेश, तान्या राय, बिहार गौरव साक्षी, इंदौर(संचालन) भी अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

साथ ही ज़लि की प्रतिभा आन्या ठाकुर अपनी काव्य प्रस्तुति प्रस्तुत करेंगी। संस्था जिले के समस्त साहित्य कला प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील करती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव को सिविल अस्पताल बनाने की उठ रही मांग




**जुन्नारदेव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार उठाई जा रही है, पूर्व में भी इस मांग को क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, समाज सेवी संगठन, राजनीतिक संगठनों द्वारा उठाया गया था, किंतु वर्तमान में यह मांग महेज एक औपचारिकता बनकर रह गई है। क्षेत्र वासियों की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन आवश्यक है यदि जुन्नारदेव में सिविल अस्पताल बनेगा तो निश्चित तौर पर ही स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी हो सकेगी। इसे लेकर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने कन्हान बचाओ मंच द्वारा सौंपे गए पत्र के बाद स्वास्थ्य मंत्री को भी पत्र लिखकर जुन्नारदेव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग की थी किंतु अब तक कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आए हैं। क्षेत्रवासियों ने आदिवासी अंचल की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शासन प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा प्राप्त हो सके जिससे आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आदिवासी क्षेत्र की जनता को मिल सके।

# टीएल बैठक में हुई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

20 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायतके मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### उर्वरक वितरण एवं खरीफ फसलों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने सर्वप्रथम किसानों को उर्वरक वितरण एवं उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में वर्तमान में 8861 मीट्रिक टन यूरिया, 106 मीट्रिक टन डीएपी, 9178 मीट्रिक टन एनपीके एवं 3806 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। अगले 01 सप्ताह में लगभग 05 हजार मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक जिले को प्राप्त होने की संभावना है। किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। जिले में उर्वरक की कमी नही है। उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में 03 लाख 14 हजार हे. क्षेत्र में खरीफ फसले लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 01 लाख 16 हजार हे. क्षेत्र में खरीफ फसले लगायी जा चुकी है।

### उर्वरक वितरण में परेशानी न हो, 48 घंटे में मिले खाद

कलेक्टर श्री मीना ने इस दौरान उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी को सख्त निर्देश दिये कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी नही होनी चाहिए। जिले में किसी भी क्षेत्र से उर्वरक के लिए किसानों के लाईन में लगे होने की सूचना नही मिलना चाहिए। किसानों को ई-टोकन जनरेट होने के बाद 48 घंटे के भीतर उर्वरक मिल जाना चाहिए। जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सहकारी समितियों में उर्वरक पहुंचते ही उसकी आईडी शीघ्रता से जनरेट कराये, जिससे सहकारी समिति पीओएस मशीन के माध्यम से ई-टोकन वाले किसानों को उर्वरक का त्वरित वितरण कर सके।

### जर्जर स्कूल भवनों की सूची शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ जर्जर भवनों की सूची शीघ्रता से प्रस्तुत करें और यह सुनिश्चित करे कि किसी भी जर्जर भवन में



शाला की कक्षाएँ और छात्रावास संचालित न किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शालाओं का सांदीपनि विद्यालय में संविलयन हो चुका है, उनके शाला भवनों की सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध कराये, जिससे ऐसे भवनो का उपयोग अन्य विभागो द्वारा किया जा सके।

### बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत के निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक ईकाइ, सडक विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि हाल के दिनों में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल-पुलियों एवं सडको की शीघ्र मरम्मत कराये, जिससे आवागमन सुव्यवस्थित तरीके से हो सके। इसी प्रकार पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर बिजली के वायर नीचे लटक रहे है और जिनसे दुर्घटना की आशंका है उन्हें शीघ्रता से व्यवस्थित कराये।

### राशन ई-केवाईसी, आंगनवाड़ी भवन और जल स्रोतों की सफाई पर जोर

जिला आपूर्ति अधिकारी को राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं की ईकेवायसी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनवाडी केंद्रो के भवनो का कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल स्त्रोतो एवं पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई कराये और उसके फोटो पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान नगर पालिका बालाघाट के जल शोधन संयंत्र के प्रभारी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

### स्वरोजगार एवं कृषि-पशुपालन योजनाओं में ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए और कहा गया कि ऐसे प्रकरणों में हर सप्ताह ऋण वितरण की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाए को निर्देशित किया गया कि दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए पशुपालन संबंधी योजनाओं में अधिक से अधिक पशु पालको के ऋण प्रकरण तैयार कर बैंक से ऋण उपलब्ध कराये। इसी प्रकार अक्षय ऊर्जा अधिकारी को कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर पंप के लिए अधिक से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वे सभी बैंको से समन्वय कर शासकीय योजनाओ में तत्परता के साथ ऋण वितरण कराये।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना एवं फसल बीमा की समीक्षा

बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कृषि विभाग से प्राप्त प्रकरणों की जांच कर उसकी रिपोर्ट शीघ्रता से प्रस्तुत करे और कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहने दे। उपसंचालक कृषि को भी निर्देशित किया गया कि कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत किसानों के प्रकरण शीघ्रता से तैयार कर जांच के लिए एसडीएम कार्यालय भिजवाए। बैठक में उपसंचालक कृषि एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी को निर्दशित किया गया कि 31 जुलाई तक जिले के अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा करवाये।

### खुले कुओं, ट्यूबवेल और बोरवेल को ढकने के निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में खुले मुंह वाले कुएँ, ट्यूबवेल एवं बोरवेल की जनसुरक्षा के लिए लोहे की जाली या अन्य सामग्री से ढकने की व्यवस्था करवाये। यह व्यवस्था संबंधित कुएँ, ट्यूबवेल एवं बोरवेल के मालिक को करनी होगी, जिससे इनमें किसी तरह की दुर्घटना न हो और जनहानि न हो सके। यदि खुले कुएँ, ट्यूबवेल या बोरवेल में कोई दुर्घटना होगी तो उसके लिए उसके मालिक को जिम्मेदार माना जाएगा और उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### आईटीआई, डाईट भूमि संरक्षण और लंबित प्रकरणों के निराकरण पर जोर

बैठक में आईटीआई बालाघाट एवं डाईट के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि भवन निर्माण के लिए उन्हें आवंटित की गई शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न होने दे। बैठक में सीएम हेल्पलाईन और लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और इनका तत्परता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए।



## पोस्ट ऑफ द मंथ सम्मानः नवाचारों को डिजिटल पहचान देने वाले शिक्षकों का कलेक्टर ने किया सम्मान

**बालाघाट।** जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों को डिजिटल मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों को ₹पोस्ट ऑफ द मंथ₹ सम्मान से सम्मानित किया गया। सोमवार 20 जुलाई को आयोजित विशेष समारोह में कलेक्टर मृणाल मीना (आईएएस) एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ (आईएएस) ने चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को डिजिटल माध्यम से व्यापक पहचान मिलना शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से शिक्षकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार आता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सराफ ने भी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यालयों की प्रेरक गतिविधियों को समाज के सामने लाने से अन्य शिक्षकों को भी नवाचार अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मीना ने शासकीय प्राथमिक शाला सुकतरा की शिक्षिका दिनेश्वरी पटले एवं शासकीय हाई स्कूल ठेमा के शिक्षक दुरगलाल रंहगडाले को उनके नवाचार के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्माकनित किया। इस दौरान बताया गया कि जिले के विद्यालयों में संचालित नवाचारी गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और प्रेरणादायी प्रयासों को विनोबा ऐप सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा है।

₹पोस्ट ऑफ द मंथ₹ जैसी पहल शिक्षकों की रचनात्मकता को नई पहचान देने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को अधिक आधुनिक, प्रभावी और प्रेरणादायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। समारोह के अंत में सभी सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों ने भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार जारी रखने का आह्वान किया।

# डायरिया रोको अभियान के तहत 10 गांवों में हैंडपंपों का सुधार

### पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण

**बालाघाट।** जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा विभिन्न विकासखंडों के गांवों में पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत सोमवार 20 जुलाई को 10 गांवों में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत की गई तथा सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि बालाघाट, किरनापुर, लांजी, बिरसा एवं बैहर विकासखंड की टीमों ने ग्राम चिखला, नेवरगांवकला, किरनापुर, देवलगांव, कारंजा, बापड़ी, भटेरा, अजगरा, मंडई एवं पांडूतला में पहुंचकर पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान खराब पड़े हैंडपंपों को तत्काल सुधारकर चालू किया गया, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही गांवों के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। इस प्रक्रिया से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं और कीटाणुओं का नाश होता है तथा डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की आशंका कम होती है। पीएचई विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पेयजल को हमेशा छानकर और ढककर रखें, घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा किसी भी पेयजल स्त्रोत में गंदगी दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना दें। विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिलेभर में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी और आवश्यक सुधार कार्य लगातार जारी रहेंगे।

## 23 जुलाई तक बढ़ाया गया प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का विशेष अभियान

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान की अवधि बढ़ाकर अब 23 जुलाई 2026 तक कर दी गई है। अभियान के दौरान जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र सुन्दरीयाल के मार्गदर्शन एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना बालाघाट नवीन श्रीमती अनुपमा मडावी के निर्देशन में यह विशेष अभियान प्रारंभ किया गया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभियान 15 जून 2026 से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किया गया, जिसे अब बढ़ाकर 23 जुलाई 2026 तक कर दिया गया है।

अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जा रहा है। साथ ही प्रथम प्रसव की पात्र महिलाओं के लिए योजना की द्वितीय किस्त हेतु आवेदन की प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है। इसके अलावा जिन आंगनवाड़ी केंद्रों में अब तक योजना के अंतर्गत कोई पंजीयन नहीं हुआ है, वहां पात्र हितग्राहियों का पंजीयन अभियान अवधि में सुनिश्चित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 16 वर्षीय बालिका का फांसी के फंदे पर मिला शव, इलाके में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा - विकासखंड के ग्राम लुडगी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहाँ 16 वर्षीय बालिका का शव उसके ही घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार 19 जुलाई को छपारा नगर से लगभग 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम लुडगी निवासी अंजलि भारती (16 वर्ष), पिता रामू भारती का शव सोमवार को परिजनों ने घर के कमरे में गमछे से गले में फंदा लगा लटका हुआ देखा। घटना की खबर तुरंत छपारा पुलिस थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

पुलिस द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दूसरे दिन सुबह 20 जुलाई (सोमवार) को बालिका के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया, जिसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल बालिका द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### पूर्णिमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया और जिन विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें संस्था की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। तनु डेहरिया प्रथम अनुज जांघेला द्वितीय ,सिमरन पंचेश्वर तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य गणेश अग्रवाल ,संस्था प्राचार्य विपनेश जैन प्रधानपाठक संजय तिवारी, श्रीनिवास शर्मा एवं समस्त शिक्षक स्टाफ में वेदप्रकाश राय ,शोभा दुबे, मुरलीधर राहांगडाले, हेमराज शरणागत,वीणा तिवारी ,पारुल दुबे श्रद्धा साहू ,की उपस्थिति रही ।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जनभागीदारी से हरित हो रहा जिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध शासकीय भूमि पर प्राथमिकता के आधार पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। इसके साथ ही सडक़ किनारे, शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालय परिसरों, ग्राम पंचायत परिसरों, सामुदायिक स्थलों, जल स्रोतों के आसपास तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी योजनाबद्ध तरीके से पौधरोपण किया जा रहा है।

# धनौरा लोकसेवा केंद्र में अव्यवस्था का बोलबाला, गंदगी के बीच अवैध वसूली से जनता त्रस्त

**धनौरा, जिला सिवनी (मध्य प्रदेश)संवाददाताः केशव राय । सरकार ने आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी के आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी योजनाएं का लाभ देने के लिए 'लोकसेवा केंद्र' (Lok सेवा केंद्र) की शुरुआत की थी।**








लेकिन सिवनी जिले के धनौरा लोकसेवा केंद्र में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत हो चुकी है। यहाँ आने वाले ग्रामीण और आम नागरिक बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, जबकि केंद्र के भीतर और बाहर भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है।

### गंदगी का अंबारः बजबजा रही नालियां और पसरी बदबू

धनौरा लोकसेवा केंद्र परिसर और उसके आसपास इस समय गंदगी का साम्राज्य है। नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों और परिसर में बजबजा रहा है।

मच्छरों का आतंकः ठहरे हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है।

बदबू से हाल बेहालः केंद्र में अपने काम के लिए आने वाले आवेदकों को घंटों बदबू के साए में खड़ा रहना पड़ता है। यहाँ पर पीने के साफ पानी और बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

नियमों की धज्जियांः तय शुल्क से ज्यादा की अवैध वसूलीइस केंद्र की सबसे बड़ी समस्या यहाँ चल रही अवैध आर्थिक वसूली है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले सीधे-साधे ग्रामीणों को अपना शिकार बनाया जा रहा है।मजबूरी का फायदाः जो प्रमाण पत्र शासन द्वारा तय न्यूनतम शुल्क (जैसे 30 या 40 रुपये) में बनने चाहिए, उनके लिए आवेदकों से 100 से लेकर 300 तक वसूले जा रहे हैं।

बिचौलियों का जालः केंद्र के आसपास सक्रिय एजेंट और कंप्यूटर ऑपरेटरों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है। रसीद कम राशि की दी जाती है या कई बार बिना रसीद के ही पैसे ऐंठ लिए जाते हैं। पैसे न देने पर काम को अटकाने और चक्कर लगवाने की धमकी दी जाती है।

### आम जनता और ग्रामीणों में भारी आक्रोश

अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने आए एक स्थानीय ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, यहाँ कंप्यूटर बाबू फॉर्म जमा करने के नाम पर तय पैसे से ज्यादा मांगते हैं। मना करो तो कहते हैं कि सर्वर डाउन है, बाद में आना।ᳵ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताई है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

धनौरा क्षेत्र में प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचार के मामले पहले भी आ चुके हैं, जिसमें धनौरा के सरपंच को लोकायुक्त ने रिश्वत लेते पकड़ा था। इसके बावजूद लोकसेवा केंद्र जैसी संवेदनशील जगह पर अधिकारियों का ध्यान न जाना मिलीभगत की ओर इशारा करता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि:लोकसेवा केंद्र धनौरा का आकस्मिक निरीक्षण (Surprise Inspection) किया जाए।अवैध वसूली करने वाले ऑपरेटरों और कर्मचारियों को तुरंत नौकरी से बर्खास्त किया जाए।परिसर की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।यदि प्रशासन ने जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो स्थानीय नागरिकों द्वारा उग्र आंदोलन और लोकायुक्त/वरिष्ठ स्तर पर शिकायत दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है।

# जनपद पंचायत धनौरा की ग्राम पंचायत हिंगवानी में बदहाल सड़कें कीचड़ से ग्रामीण परेशान

**धनौरा। जनपद पंचायत धनौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत हिंगवानी में बरसात के दौरान गांव की कई सडक़ें कीचड़ और जलभराव की चपेट में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र की आंतरिक सडक़ों की लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।**

सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हो रही है, जिन्हें प्रतिदिन कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

### 181 पर शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान, स्कूली बच्चों और राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें



ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत भी दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में जनसमस्याओं के समाधान पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि सरपंच रामकली भलावी एवं सचिव रोहित शिवहरे के कार्यकाल में सडक़ जैसी मूलभूत समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो रहा है, जबकि बरसात के मौसम में इनका तत्काल समाधान किया जाना

# पेंच के दो रिसॉर्टों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, एक्सपायरी खाद्य सामग्री मिलने पर नोटिस जारी



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पेंच क्षेत्र स्थित रिसॉर्टों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान तुली टाइगर रिजॉर्ट में वेज एवं नॉनवेज खाद्य सामग्री को एक ही स्थान पर रखने, अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री का भंडारण करने, एक्सपायरी खाद्य सामग्री से भोजन तैयार किए जाने तथा बड़ी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री संग्रहित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आकर्ड वाइल्ड लाइफ पेंच रिसॉर्ट से जांच हेतु बेसन का नमूना लिया गया। साथ ही एक्सपायरी खाद्य सामग्री का भंडारण पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों के खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का निर्माण, भंडारण एवं उपयोग सुनिश्चित करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

# रुद्रावतार हनुमान मंदिर में आज 251वें संगीतमय सुंदरकांड का भव्य आयोजन

### सुबह विशेष अभिषेक-चोला श्रृंगार, शाम को भजन संध्या का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**शहर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुके रुद्रावतार हनुमान मंदिर, जिला अस्पताल के सामने, सिवनी में आज 21 जुलाई (मंगलवार) को 251वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन होगा। इस ऐतिहासिक धार्मिक अवसर को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना प्रारंभ हो जाएगा और पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहेगा। शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, महाआरती, भजन संध्या तथा रामभोज के साथ आयोजन का समापन होगा।मंदिर के पुजारी अर्जुन पंडा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार प्रातः 7 बजे भगवान रुद्रावतार हनुमान जी के पंचामृत अभिषेक एवं विशेष चोला श्रृंगार से होगी। इसके बाद भगवान का दिव्य श्रृंगार दर्शन, पूजन-अर्चन एवं भक्तों के लिए दर्शन का क्रम पूरे दिन जारी रहेगा। श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं मंगल की कामना करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी 2024 (मंगलवार) को मंदिर परिसर में प्रथम संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया था। तभी से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को बिना किसी व्यवधान के नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था, सेवा भावना और निरंतर सहभागिता के कारण यह धार्मिक आयोजन आज 251वें सुंदरकांड के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है।

### अमानक उर्वरकों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

# डीएपी के अवैध भंडारण एवं बिक्री मामले में दो पर एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने तथा अमानक एवं अवैध कृषि सामग्री के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लखनादौन थाना क्षेत्र में अमानक स्तर के डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण एवं विक्रय के मामले में दो व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। कृषि विभाग की शिकायत पर राजकुमार उइके एवं राजा पटेल के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

कृषि विभाग की टीम ने 20 जून 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर राजा पटेल के निवास पर जांच की थी। निरीक्षण के दौरान राजकुमार उइके वाहन में डीएपी उर्वरक लोड करते हुए पाया गया। मौके पर उर्वरक खरीदने पहुंचे किसानों ने बताया कि डीएपी उर्वरक 2,000 रुपये प्रति बोरी की दर से बेचा जा रहा था तथा पूर्व में भी इसी प्रकार की बिक्री की गई थी। जांच के दौरान आरोपी डीएपी उर्वरक के क्रय-विक्रय से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। संदेह के आधार पर कृषि विभाग ने उर्वरक के नमूने लेकर सामग्री जब्त की तथा परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा।

इंदौर स्थित उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में डीएपी उर्वरक का नमूना गंभीर श्रेणी का अमानक पाया गया। इसके आधार पर कृषि विभाग की अनुशंसा पर लखनादौन थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# 8 शाखा प्रबंधक सहित बैंकिंग सहायक का स्थानांतरण

**कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में रोटेशन नीति के तहत प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।**

जारी आदेशानुसार लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ 8 शाखा प्रबंधकों तथा 1 बैंकिंग सहायक का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरित शाखा प्रबंधकों में राजेश कुमार सनोडिय़ा को धारना से लखनादौन, दिलीप कुमार जंघेला को लखनादौन से गंगेरुआ, शैलेन्द्र पण्ड्या को बरघाट से अमानत सिवनी, कन्हैया लाल दुबे को गंगेरुआ से बरघाट, भुपेश कुमार उसरेठे को धनौरा से घंसौर, अखिलेश डेहरिया को घंसौर से धनौरा, श्रीमती वीणा चौरसिया को अमानत सिवनी से कुरई तथा विवेक निगम को कुरई से धारना स्थानांतरित किया गया है। वहीं सुश्री वंदना पाठक, बैंकिंग सहायक, का प्रधान कार्यालय (आवक-जावक कक्ष) से शाखा धूमा स्थानांतरण किया गया है। आदेश में सभी स्थानांतरित अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानांतरण अवधि में किसी भी प्रकार का अवकाश अथवा अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# युवाओं और महिलाओं को मिले स्वरोजगार के पंखः डेटा एंट्री, टैली और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का हुआ समापन, बांटे गए सर्टिफिकेट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।**

एसआर इंस्टीट्यूट सिवनी में चल रहे त्रैमासिक डेटा एंट्री ऑपरेटर, टैली और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर एक भव्य दीक्षांत एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने बढ़ाया उत्साह, समारोह के मुख्य अतिथि आर.सी. नागदेव रिटायर्ड वनपाल अध्यक्ष सुगत सेवा संस्थान, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर और टैली का ज्ञान होना बेहद जरूरी है। वहीं ब्यूटी पार्लर जैसे हुनर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाते हैं। इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण से युवा नौकरी पाने के साथ-साथ अपना खुद का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं। प्रशिक्षण की



**मुख्य बातें और उपलब्धियां**

डेटा एंट्री ऑपरेटर- छात्रों को कंप्यूटर के बेसिक, एमएस ऑफिस और तेज गति से डेटा एंट्री करने की बारीकियां सिखाई गईं। टैली , कॉमर्स और गैर-कॉमर्स पृष्ठभूमि के छात्रों को अकाउंटिंग, जीएसटी और वित्तीय प्रबंधन का लाइव प्रैक्टिकल ज्ञान दिया गया। ब्यूटी पार्लर कोर्स ,महिलाओं और युवतियों को आधुनिक हेयर स्टाइल, मेकअप, स्किन केयर और पार्लर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई ताकि वे स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।

### मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

कोर्स के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सर्टिफिकेट पाकर प्रशिक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। ब्यूटी पार्लर कोर्स की छात्रा पूजा पंचेश्वर, ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस ट्रेनिंग के बाद अब वह खुद का पार्लर खोलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। संस्था प्रमुख सीमा गढ़पायले, ने जताया आभार कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्य जितेंद्र लिलहारे ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल ट्रेनिंग देना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार के काबिल बनाना है। भविष्य में भी ऐसे रोजगारोन्मुखी कोर्स आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक, ट्रेनर्स और भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### 1 जून से अब तक जिले में 320.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिवनी**, जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 19 जुलाई 2026 तक जिले में 320.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 19 जुलाई को जिले में 13.0 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। दैनिक प्रतिवेदन के अनुसार 19 जुलाई को बरघाट तहसील में सर्वाधिक 46.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने स्वच्छता को लेकर किया आव्हान, 7 वार्डों के पालक बने सामाजिक संगठन

**सिवनी।** नगर पालिका कार्यालय मानस भवन में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया जी की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे से नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई गई।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में वर्णित प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करते हुए नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाना है। इसके साथ ही नगर के सभी 24 वार्डों में समितियां बनाकर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से इंजीनियर्स संघ, चैंबर ऑफ कॉमर्स ग्रुप, मातृशक्ति संगठन, व्यापारिक संगठन, सकल जैन समाज, प्रस्फुटन समिति के साथ अलग-अलग समय पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री दिशा डहेरिया, निकाय के पार्षदगण ने नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने साथ ही स्वच्छता के लिये निकाय द्वारा क्या बेहतर प्रयास किया जा सकता है इसके संबंध में समस्त संगठनो के साथ बैठक करके उनके सुझाव लिये गये।

बैठक के पूर्व में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया के द्वारा संगठन के प्रमुखों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया एवं क्रमशः संगठनों के साथ बैठक के दौरान सफाई व्यवस्था पर चर्चा कर उनके सुझाव लिये एवं सफाई व्यवस्था पर मिले सुझावो को अमल में लाने का आश्वासन दिया गया। एवं सभी संगठनों को एक-एक वार्ड गोद लेने के लिये आग्रह किया गया।

नगर पालिका कार्यालय में दोपहर 12 बजे से 05 बजे तक बैठकों का दौर निरंतर चलता रहा सबसे पहले इंजीनियर्स संघ की बैठक ली गई। इंजी. ब्रजेश गौतम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर अपने सुझाव में कहा गया कि, निकाय द्वारा गंदगी फैलाने वाले लोगो पर स्पॉट फाईन लगाना चाहिये, पालिथिन उपयोग करने वाले लोगो पर कार्यवाही करने साथ ही कचरा वाहन जैसे ट्रैक्टर्स डंफर को नेट से कवर करके शहर से बाहर करवाने के सुझाव बैठक में दिये गये।

इंजीनियर्स संघ बैठक के पश्चात चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक निकाय में संपन्न हुई जिसमें सुदर्शन बाझल द्वारा सुझाव दिये गये कि कचरा गाड़ी आने का निश्चित टाईम-टेबल बनाया जावे एवं गाडी को प्रत्येक गलियो में भेजा जावे। कचरा गाडियों में गाना निरंतर बजाया जावे ताकि नागरिको को गाडी आने की जानकारी रहे।

# आईटीआई छात्र को बंधक बनाकर मारपीट एवं वीडियो वायरल करने वाले गिरोह के 4 और आरोपी गिरफ्तार

**सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए आईटीआई छात्र के साथ मारपीट के वीडियो के संबंध में थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रकरण के 04 और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।**

दिनांक 14/07/2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कुछ युवक एक युवक को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक रूप से मारपीट कर रहे थे। वीडियो में आरोपियों द्वारा गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं पीड़ित के घावों पर मिर्ची-नमक लगाने की बात भी सामने आई थी।

वीडियो के आधार पर पीड़ित सोहेल खान निवासी भोमा, कान्हीवाड़ा की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 626/2026 धारा 140(3), 296(ड्ड), 115(2), 191(2), 191(3), 351(2), 126(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। प्रकरण में पूर्व में ईश्वर उर्फ अस्मित मानाठाकुर, मंजीत रैकवार, भूपेन्द्र उर्फ लकी विश्वकर्मा, जीतू उर्फ अभय उइके, अभिषेक उइके को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है,एवं 04 विधिविरुद्ध बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा जा चुका है।

विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शेष फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। दिनांक 18/07/2026 को थाना कोतवाली पुलिस ने प्रकरण के 04 अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**आज गिरफ्तार आरोपी**

रोहित पिता स्व. जहिन्दर मानाठाकुर, उम्र 36 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, आयुष उर्फ आदित्य पिता स्व. विशाल मानाठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी ,साहित्य उर्फ मोन्टू पिता स्व. रविन्द्र मानाठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, उत्तम पिता देवीसिंह सनोडिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मरझोर, जिला सिवनी। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 02 स्कूटी, 01 टीवीएस मोटर सायकिल, 01 नायलॉन की रस्सी, 01 पीवीसी पाइप एवं 02 मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं।

प्रकरण का 01 अन्य आरोपी संजय चंद्रवंशी अभी फरार है जिसकी तलाश एवं पतासाजी लगातार जारी है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि सतेंद्र उपाध्याय, सउनि जसवंत सिंह ठाकुर, प्र.आर.मनोज पाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि इस प्रकार की गुंडागर्दी एवं संगठित अपराध करने वालों के विरुद्ध सिवनी पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# डबल मनी कांड: 500 करोड़ घोटाले का मास्टर माइंड सोमेंद्र कंकराने 7 साथियों समेत गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बहुचर्चित डबल मनी घोटाले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए बालाघाट पुलिस ने करीब 500 करोड़ रुपये के निवेश घोटाले के मास्टरमाइंड और फरार आरोपी सोमेंद्र कंकराने को उसके 7 साथियों सहित हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट भी जारी था। पुलिस के अनुसार, सोमेंद्र कंकराने पर निवेशकों को उनकी रकम दोगुनी करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के 63 मामले दर्ज हैं। सभी आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए देश के अलग-अलग धार्मिक शहरों में पहचान छिपाकर रह रहे थे। यह मामला वर्ष 2022 में सामने आया था, जब बालाघाट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमेंद्र कंकराने समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उस दौरान पुलिस ने 13 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, 32 से अधिक बैंक खातों में जमा करीब 11 करोड़ रुपये, तथा 45 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को जब्त और सीज किया था। गिरफ्तारी के बाद सोमेंद्र कंकराने को जमानत मिल गई थी, लेकिन बाद में हाईकोर्ट ने उसकी जमानत रद्द कर दी। इसके बावजूद वह फरार हो गया और लगातार अदालत में पेश होने से बचता रहा। उसके वकील के माध्यम से तारीखें बढ़ाई जाती रहीं, जिससे हजारों निवेशकों से जुड़े मामलों की सुनवाई लंबित रही।

पुलिस पर आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबाव था। आखिरकार तकनीकी और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने हरिद्वार में दबिश देकर सोमेंद्र कंकराने और उसके 7 साथियों को गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के बाद उन लोगों को थोड़ी उम्मीद लगी है कि शायद उनका मूलधन उन्हें वापस मिल जाए।

## खबर संक्षेप

### सोनम वांगचुक के समर्थन में युवाओं ने निकाली रैली



**हरिभूमि न्यूज़, वारासिवनी।** सोनम वांगचुक के समर्थन में हाल में दिल्ली के जंतर मंतर सहित देश के विभिन्न हिस्सों में युवाओं द्वारा जगह-जगह आंदोलन किया जा रहा है।इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं के अधिकारों,पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाना है।इसी के तहत वारासिवनी नगर के युवाओं ने भी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग लेकर एक रैली निकाली। और अनसन पर बैठे सोनम वांगचुक को समर्थन देने की बात कही।यह रैली दीनदयाल चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक पुनः बस स्टैंड होते हुए एसडीएम कार्तिकेय जयसवाल को ज्ञापन सौंपा है।प्रणय धार्मिक,उल्लास कावडे, अभिषेक नेवारे,विजय खोबरागड़े, सिद्धांत पटले,आदर्श मेश्राम, अयान मेमन,अभय खोबरागड़े, पुस्तेंद्र वाल्दे,प्रज्वल साकरे,आदर्श रोकड़े, परेश पटले,प्रणय तुमरामे, रितिक सार्वे,रंजिता टेकाम,रेशमा कुंभरे सहित युवा मौजूद रहे।

**गलत के खिलाफ आवाज उठाना सभी का अधिकार-प्रवीण डोंगरे**

पार्षद प्रवीण डोंगरे ने कहा कि देश के सभी कोचिंग के शिक्षक बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचे है।सोनम वांगचुक द्वारा कई दिनों से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य मुद्दों को लेकर इस्तीफे की मांग कर रहे है।उन्हें पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक जबरदस्ती उठाकर हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया गया।देश के युवाओं के लिए वे अनसर पर बैठे है।अगर हम उनके समर्थन के नहीं आयेंगे तो कौन आयेगा।हम किसी कारणवश दिल्ली नहीं जा पाए।मगर वहाँ आंदोलन कर रहे उन लोगों के साथ हम खड़े है।राजनीति अपनी जगह है।मगर गलत हो रहा है तो सभी को अपना मुंह बंद नहीं रखना चाहिए।सभी को आगे आना चाहिए।हम सभी को अपना विरोध करने का अधिकार है।किसी भी पार्टी में हो,किसी भी संगठन में हो,अगर देश में गलत हो रहा है।तो हमें सड़को पर उतरना चाहिए।आजादी की लड़ाई तो हमने देखी नहीं है।मगर अब न्याय दिलाने अपना जीवन भी गवाना पड़े।तो हम खुशी-खुशी अपना जीवन गवा देंगे।

# डायरिया रोको अभियान के तहत 10 गांवों में हैंडपंपों का सुधार

### पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण



**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा विभिन्न विकासखंडों के गांवों में पेयजल स्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत सोमवार 20 जुलाई को 10 गांवों में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत की गई तथा सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि बालाघाट, किरनापुर, लांजी, बिरसा एवं बैहर विकासखंड की टीमों ने ग्राम चिखला, नेवरगांवकला, किरनापुर, देवलगांव, कारंजा, बापड़ी, भटेरा, अजगरा, मंडई एवं पांडूतला में पहुंचकर पेयजल स्रोतों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान खराब पड़े हैंडपंपों को तत्काल सुधारकर चालू किया गया, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही गांवों के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। इस प्रक्रिया से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं और कीटाणुओं का नाश होता है तथा डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की आशंका कम होती है। पीएचई विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पेयजल को हमेशा छानकर और ढककर रखें, घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा किसी भी पेयजल स्रोत में गंदगी दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना दें। विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिलेभर में पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी और आवश्यक सुधार कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# मानव को मानव से जोड़ना दि बुद्धिस्ट सोसायटी का उद्देश्य-राजकपूर कामडे

### नगर शाखा किरनापुर जिला बालाघाट का पुनर्गठन सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** भारतीय बौद्ध महासभा अर्थात दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के मप्र राज्य शाखा द.के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी के निर्देश से एवं बालाघाट जिला शाखा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जी की अनुशंसा से तहसील शाखा किरनापुर के तत्वाधान में आज दिनांक 19 जुलाई 26 को नगर शाखा किरनापुर का पुनर्गठन (निर्वाचन) डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सभागृह किरनापुर (परसा टोला) में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि आद राजकपूर कामड़े जी प्रदेश सचिव जीकेंद्रीय शिक्षक,अध्यक्षता दुरेन्द्र सावनकर जी तह अध्यक्ष एवं बौद्धाचार्य माजी श्रांमनेर किरनापुर, विनय चौरे महासचिव बौद्धाचार्य माजी श्रामनेर,गौतम भीमटे तहसील कोषाध्यक्ष बौद्धाचार्य माजी श्रांमनेर एवं तहसील के प्रमुख पदाधिकारी की उपस्थिति में पुनर्गठन सम्पन्न हुआ जिसमें संगठन की प्रस्तावना आद राजकपूर कामड़े जी ने रखा और बताया कि बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा जो धार्मिक संगठन है और यह आज भारत के 24 राज्यों में कार्यरत है जिसका उद्देश्य समाज में समता प्रेम शांति और मानव को मानव से जोड़ने का अभियान है, अपने उदबोधन में आद दुरेन्द्र सावनकर जी ने कहा कि आदर्श बौद्ध समाज की स्थापना और बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार है और संगठन ही समाज को जोड़ कर रख सकता है। और नगर कमेटी में सभी के माध्यम से धम्म कार्य निष्ठा से संकल्प किए जाने का संकल्प सभी ने लेकर संस्था की सदस्यता ग्रहण की तत्पश्चात मुख्य अतिथि राजकपूर कामडे जी के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर जो द्वारा किरनापुर नगर शाखा कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष एस. एल. घरडे महासचिव, प्रमोद नागवंशी,कोषाध्यक्ष,यादोराव रामटेके, उपाध्यक्ष-आर.के. शेडे सरसंस्कार विभाग-एन के मेश्राम-विजय रगारे समता सैनिक दल, विनोद भीमते, जेपी रामटेके, फ़नेंद्व मेश्राम, सोनू मेश्राम, सचिव-शैलेश नागवंशी, तिलकचंद बोरकर, कार्यालीन सचिव रत्नेश मेश्राम, संगठक-मनीष भीमटे योगराज वानखेड़े, शांतिलाल गेडाम, मुन्नालाल नागवंशी, ओ आर मेश्राम, कमलेश मेश्राम विभिन्न पदों पर सभी पदाधिकारी को चयनित किया गया और सभी को शुभेच्छा दिया गया,इस पुनर्गठन प्रकिया में क्षेत्र के भारी संख्या में अनुयायि कार्यकर्ता शामिल थे। उक्त जानकारी किरनापुर के महामंत्री विनय चौरे द्वारा दी गई।

# चंदन नदी में डूबे 11 वर्षीय सूर्यांश का शव 300 मीटर दूर मिला, परिवार का इकलौता चिराग बुझा



**वारासिवनी।** चंदन नदी में डूबे 11 वर्षीय सूर्यांश देशमुख का शव सोमवार सुबह घटना स्थल से करीब 300 मीटर दूर नदी किनारे मिला। रविवार शाम से देर रात तक पुलिस, एसडीआरएफ, परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा तलाश की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। सोमवार सुबह करीब 6 बजे परिजन और पड़ोसी दोबारा नदी किनारे पहुंचे तो घटना स्थल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर बालक का शव दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना से मोहल्ले मातम पसर गयाजानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 स्थित मरारी मोहल्ला निवासी सूर्यांश देशमुख रविवार शाम करीब 4 बजे अपने दोस्तों के साथ वार्ड क्रमांक 14 की पुरानी सड़क स्थित चंदन नदी में नहाने गया था। कुल पांच बच्चे नदी में उतरे थे। नहाते समय सूर्यांश नदी के बीच की ओर चला गया, जहां गहराई और तेज बहाव के कारण वह पानी में समा गया। वहीं उसके साथ मौजूद अन्य चार बच्चों ने एक-दूसरे का सहारा लेकर किसी तरह नदी से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके ने घटना स्थल का निरीक्षण किया लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण अभियान स्थगित करना पड़ा। इसके बाद भी परिजन और आसपास के लोग देर रात तक बालक की तलाश में जुटे रहे, मगर कोई सफलता नहीं मिली। सोमवार सुबह दोबारा खोजबीन शुरू की गई, जिसमें कुछ ही देर बाद नदी किनारे शव बरामद हो गया।मासूम बेटे का शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे मरारी मोहल्ला में मातम का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चंदन नदी में लगातार हो रहे रेत खनन से कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो इस तरह की दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लोगों ने नदी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और अवैध रेत खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि लगभग एक वर्ष पूर्व भी वार्ड क्रमांक 12 के एक बालक की इसी नदी में डूबने से मौत हो गई थी, जिसका शव आज तक बरामद नहीं हो सका। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने नदी की सुरक्षा व्यवस्था और रेत खनन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नीट परीक्षा घोटाले को लेकर किरनापुर में निकाली जन आक्रोश रैली



### राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सोपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज़ किरनापुर।** नीट (NEET) परीक्षा घोटाले को लेकर किरनापुर में छात्रों और स्थानीय संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन और राष्ट्र पति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।देशव्यापी स्तर पर पेपर लीक और हाल ही में आए NEET UG Re-Exam के नतीजों में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर किरनापुर क्षेत्र में भी आक्रोश देखने को मिला है।

**किरनापुर और स्थानीय स्तर पर प्रभावविरोध और प्रदर्शनः**

स्थानीय छात्र संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर किरनापुर क्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए हैं। एसडीएम आदित्य नारायण मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया।छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ रोकने और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए ।

**मुख्य मांगेंः** परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी बनाने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और प्रभावित छात्रों को उचित न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।राष्ट्रीय स्तर पर NEET परीक्षा विवाद (2026)पेपर लीक और **परीक्षा रद्दीकरणः** मई 2026 में आयोजित हुई मूल NEET-UG परीक्षा को बड़े पैमाने पर ₹गेस पेपर₹ लीक होने के आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया था।

### री-एग्जाम और नई गड़बड़ियांः

इसके बाद जून 2026 में री-एग्जाम आयोजित किया गया, जिसके नतीजों के बाद छात्रों ने OMR शीट और वेबसाइट पर दिखाए जा रहे मार्क्स में भारी विसंगतियों (जैसे नंबर अचानक कम हो जाना) के आरोप लगाए हैं।

### CBI जांच और गिरफ्तारियांः

इस पूरे घोटाले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) कर रही है। बिहार, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों से कई सॉल्वर गैंग, फर्जी छात्र और बिचौलिए गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## विधायक मधु भाऊ भगत ने विधानसभा में उठाया बालाघाट जिले के चावल घोटाले का मुद्दा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने बालाघाट जिले में सामने आए कथित करोड़ों रुपये के चावल गायब होने के मामले को विधानसभा में नियम 138(1) के तहत ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीर सार्वजनिक महत्व का बताते हुए सरकार से विस्तृत जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में विधायक भगत ने उल्लेख किया कि वर्ष 2025 में केंद्र सरकार की एथेनॉल नीति के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) एवं सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी) के गोदामों में रखे पुराने एवं क्षतिग्रस्त चावल को एथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। इसी योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के विभिन्न गोदामों से छिंदवाड़ा स्थित एथेनॉल प्लांट के लिए लगभग 16,500 क्विंटल चावल जारी किया गया था तथा अन्य एथेनॉल प्लांटों के लिए भी निर्धारित मात्रा में चावल उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए थे।

ध्यानाकर्षण सूचना के अनुसार, उपलब्ध दस्तावेजों और प्रारंभिक जानकारी से यह सामने आया कि एथेनॉल प्लांट के लिए जारी किए गए चावल में से लगभग 15 से 20 ट्रक चावल छिंदवाड़ा पहुंचने के बजाय रास्ते में ही गायब हो गए। विधायक ने यह भी कहा कि कुछ गोदामों से अब तक 44 ट्रकों का चावल एथेनॉल प्लांट तक नहीं पहुंचा है, जिससे पूरे मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और संगठित भ्रष्टाचार की आशंका प्रबल हो गई है।

विधायक भगत ने आरोप लगाया कि यह केवल परिवहन में अनियमितता का मामला नहीं, बल्कि सरकारी चावल की हेराफेरी का एक बड़ा नेटवर्क प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गायब किया गया चावल छिंदवाड़ा भेजने के बजाय बालाघाट, वारासिवनी, खमरिया, गोंदिया सहित विभिन्न राइस मिलों में पहुंचाया गया। वहां गरीबों को वितरित होने वाले चावल को एथेनॉल प्लांट में भेजे जाने योग्य बताकर कम कीमत पर खरीदा गया और बाद में उसकी अदला-बदली कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया कि एथेनॉल प्लांट के लिए निर्धारित चावल की जगह सामान्य धान की मिलिंग कर उसी चावल को वापस सरकारी व्यवस्था में भेज दिया गया, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले चावल को खुले बाजार में अधिक कीमत पर बेच दिया गया। इस पूरे कथित खेल से जुड़े लोगों ने परिवहन और खरीद-बिक्री के माध्यम से अवैध लाभ अर्जित किया तथा शासन को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई।

विधायक मधु भाऊ भगत ने सरकार से मांग की कि 44 ट्रकों के चावल की संपूर्ण जांच कराई जाए, परिवहन व्यवस्था, संबंधित राइस मिलों, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से जुड़े सभी नेटवर्क, परिवहनकर्ताओं, वेयरहाउसों तथा कथित मास्टरमाइंड की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए पूरे मामले का पर्दाफाश करने की मांग भी विधानसभा में रखी।

बालाघाट जिले के बहुचर्चित चावल घोटाले का मुद्दा विधानसभा में उठने के बाद अब इस मामले की जांच और सरकार की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। यदि विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है, तो यह प्रदेश के सार्वजनिक वितरण प्रणाली और एथेनॉल नीति से जुड़े सबसे बड़े खाद्यान्न घोटालों में से एक साबित हो सकता है।

# ग्राम पंचायत मडकापार के वार्ड क्रमांक 5 में पानी जमा होने से गंदगी का आलम



**हरिभूमि न्यूज़ किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मडकापार के वार्ड नंबर 05 बालकृष्ण बिसेन के मकान के सामने नाली नहीं बनने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी से लोगों का आना जाना बंद हो गया है।इससे सड़क पर जलजमाव और कीचड़ की स्थिति बन गई है। जिससे ग्रामीणों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**बरसात में बढ़ी मुश्किल, बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कत**

बरसात का मौसम शुरू होने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। सड़क पर जमा गंदे पानी और कीचड़ के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आवाजाही में काफी कठिनाई हो रही है। कई स्थानों पर फिसलन बढ़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

### ग्रामीणों ने सरपंच और प्रशासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

स्थानीय निवासी बालकृष्ण बिसेन एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही है. उनका आरोप है कि अब तक न तो जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में पहल की है और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया है.

### इनका कहना है:-

1. ग्राम मडकापार के ग्रामीण बालकृष्ण बिसेन ने बताया कि वार्ड नंबर 05 में बारिश के दिनों में सामने सड़क पर पानी भरा रहता है, जिसे सरपंच को इस स्थिति के बारे में जानकारी दी गई तो उन्होंने इस संबंध में ध्यान न देते हुए कि मैं अपने हिसाब से काम करूंगा।2.उपयंत्री दिनेश लिल्हारे से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उसे स्थान का टी एस हो चुका है । समाधान का दिया भरोसा। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव से बात कर समस्या का शीघ्र समाधान निकालने का प्रयास किया जायेगा।

## जिले में 20 जुलाई तक 413 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**वारासिवनी** तहसील में सबसे अधिक 565 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 225 मिलीमीटर वर्षा रिकार्डचालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 20 जुलाई 2026 तक कुल 413 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 629 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्यी वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 575 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 20 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए।

